भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2686

बुधवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा संस्थापित क्षमता</u>

2686. श्री प्रवीण पटेलः

श्री विजय कुमार दूबेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कुल कितनी सौर ऊर्जा क्षमता संस्थापित है;

(ख) क्या यह सच है कि विगत दस वर्षों के दौरान सौर ऊर्जा संस्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की वैश्विक स्थिति में सुधार हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, देश में कुल स्थापित सौर क्षमता 92,119 मेगावाट है।

(ख) और (ग): अंतरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (इरेना) रिपोर्ट के अनुसार, भारत केवल 1603 मेगावाट स्थापित क्षमता के साथ कैलेंडर वर्ष 2013 के अंत में, सौर विद्युत स्थापित क्षमता के मामले में शीर्ष 10 देशों में सूचीबद्ध नहीं था। तथापि, इरेना द्वारा दिसम्बर, 2023 तक के नवीनतम प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, भारत लगभग 73,109 मेगावाट सौर विद्युत स्थापित क्षमता के साथ 5वें स्थान पर है।

*****